हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ

(तिथि 15 दिसंबर 2025, समय 1810 (10 मिनट)

मुख्य समाचार :-

1. राष्ट्रीय जनतान्त्रिक गठबंधन व विपक्षी सांसदों के बीच बहस के कारण सांसद के दोनों सदनों की कार्यवाही बाधित हुई - एनडीए के सांसदों ने प्रधानमंत्री के खिलाफ की गई आपत्तिजनक टिप्पणी के लिए काँग्रेस नेतृत्व से माफी की मांग की है ।

2. मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के कानून व्यवस्था व साइबर सुरक्षा को लेकर सम्मेलन की अध्यक्षता की ।

3. हरियाणा के राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष ने सरदार वल्लभ भाई पटेल की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

4. हरियाणा के कैबिनेट मंत्री अनिल विज ने कहा - काँग्रेस की रैली में प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ लगाए नारे, काँग्रेस की हताशा और गिरते स्तर का प्रमाण है ।

5. विधानसभा उपाध्यक्ष डॉक्टर कृष्ण मिडढ़ा ने कहा कि हरियाणा सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री नायाब सिंह सैनी के नेतृत्व में आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है ।

****

राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन और विपक्षी सांसदों के बीच बहस के कारण आज संसद के दोनों सदनों की कार्यवाही बाधित हुई। कल नई दिल्ली में कांग्रेस की रैली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ की गई आपत्तिजनक टिप्पणी के लिए लोकसभा और राज्यसभा में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के सांसदों ने कांग्रेस नेतृत्व से माफी की मांग की।

लोकसभा की कार्यवाही शुरू होते ही संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने सदन में यह मुद्दा उठाया।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी को दुनिया मानती है, देश के लोग मानते और उसमें कुछ विपक्ष के लोग प्रधानमंत्री को अगर जान से मारने के लिए कहता है तो यह बहुत ही दिक्कत और अफसोस की बात है, सिर्फ खंडन करने से नहीं होगा कांग्रेस अध्यक्ष और कांग्रेस के नेता प्रतिपक्ष दोनों लोकसभा राज्यसभा में देशवासियों से माफी मांगना चाहिए।

****

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज पंचकूला में स्वर्ण जयंती राजकोषीय प्रबंधन संस्थान में गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। बाद में उन्होंने पुलिस रेंज प्रमुखों , आयुक्तों , पुलिस अधीक्षकों के कानून व्यवस्था, साइबर सुरक्षा को लेकर सम्मेलन की अध्यक्षता की।

सम्मेलन में अतिरिक्त मुख्य सचिव सुमिता मिश्रा व पुलिस महानिदेशक ओमप्रकाश सिंह भी मौजूद रहे।

सम्मेलन के बाद पत्रकारों से बातचीत में मुख्यमंत्री ने बताया -

****

हरियाणा के राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष ने आज चंडीगढ़ में लोक भवन में भारत रत्न सरदार वल्लभभाई पटेल की पुण्यतिथि पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि दी।

उनके साथ हरियाणा की प्रथम महिला श्रीमती मित्रा घोष व लोक भवन के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने भी सरदार वल्लभभाई पटेल को श्रद्धासुमन अर्पित किए।

भारत के स्वतंत्रता आंदोलन और देश के एकीकरण में उनके महत्वपूर्ण योगदान को याद करते हुए, राज्यपाल ने कहा, सरदार पटेल के अटूट संकल्प ने एक विविध राष्ट्र को एक मजबूत गणतंत्र में के रूप में एकजुट किया। उनकी एकता, अखंडता और निर्णायक नेतृत्व की विरासत आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करती रहेगी।

****
****

हरियाणा के कैबिनेट मंत्री अनिल विज ने कांग्रेस की रैली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ लगाए गए आपत्तिजनक नारों पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि यह कांग्रेस की हताशा और गिरते स्तर का प्रमाण है।

****
****

विधानसभा उपाध्यक्ष डॉक्टर कृष्ण मिड्ढा ने कहा कि हरियाणा में डबल इंजन की सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को पूरा करने की दिशा में गंभीरता से काम कर रही है। आज भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति है।

आज जींद में आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के तहत स्वदेशी रथयात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना करने के पश्चात पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। इस यात्रा को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने इस माह की सात तारीख को कैथल से रवाना किया था।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर गत दिवस दिल्ली में कांग्रेस की रैली में की गई आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर कहा –

आज इस यात्रा को फतेहाबाद के लिए रवाना किया गया।

****

हरियाणा के राज्यपाल प्रोफेसर असीम कुमार घोष ने आज पंचकूला के सेक्टर 4 स्थित राजकीय मॉडल संस्कृति प्राइमरी स्कूल और रामगढ़ के   राजकीय मॉडल संस्कृति प्राइमरी स्कूल का दौरा किया।

****

केंद्र सरकार के नीति आयोग द्वारा आयोजित प्रतिष्ठित 'पॉलिसी फॉर स्टेट केस चैलेंज' के विजेताओं की सूची जारी कर दी गई है। इस राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में हरियाणा प्रदेश के जिला पलवल ने उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करते हुए विजेता सूची में अपना स्थान बनाया है। उपायुक्त डा. हरीश कुमार वशिष्ठ ने बताया –

****

फरीदाबाद में स्वास्थ्य विभाग द्वारा पांच दिवसीय विशेष टीकाकरण अभियान आरंभ किया गया । इस अभियान का उद्देश्य 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों और गर्भवती महिलाओं को नियमित टीकाकरण सेवाओं से जोड़ना तथा छूटे हुए लाभार्थियों का टीकाकरण करना है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. जयंत

आहूजा ने बताया कि 15 से 20 दिसंबर तक जिले में कुल 390 टीकाकरण सत्र आयोजित किए जाएगे ।

उन्होंने लोगों से इस अभियान का लाभ उठाने की अपील की।

****
****